<u>आकाशवाणी गोरखपुर</u>
<u>प्रादेशिक समाचार</u>

<u>दिनांक– 02 नवम्बर 2025</u> **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लखनऊ को यूनेस्को मौलिक पाक कला शहर का दर्जा दिए जाने पर दी बधाई। कहा– जीवंत संस्कृति का पर्याय है लखनऊ।
- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर पुस्तक महोत्सव का किया शुभारंभ। कहा– राज्य भर में पुस्तकालयों का जाल बिछा रही है डबल इंजन सरकार।
- सर्वोच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश बी. आर. गवई कौशांबी में एक विद्यालय के वार्षिकोत्सव में हुए शामिल। कहा– बच्चों के उज्ज्वल भविष्य का निर्माण शिक्षकों की जिम्मेदारी
- पीलीभीत टाइगर रिजर्व के नवीन पर्यटन सत्र का हुआ शुभारंभ। उद्घाटन करने के बाद प्रदेश के वन पर्यावरण राज्य मंत्री डॉक्टर अरुण कुमार सक्सेना ने कहा– पर्यटन के साथ स्थानीय रोजगार को बढ़ावा दे रही है सरकार।

**********

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लखनऊ को एक जीवंत संस्कृति का पर्याय बताया है। उन्होंने कहा है कि इस शहर की पाक–कला की संस्कृति भी शानदार है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में, श्री मोदी ने लखनऊ को यूनेस्को मौलिक पाक कला शहर का दर्जा दिए जाने पर प्रसन्नता व्यक्त की है। प्रधानमंत्री ने दुनिया भर के लोगों से लखनऊ आने और इसकी विशिष्टता को जानने का आग्रह किया। उज़्बेकिस्तान के समरकंद में आयोजित यूनेस्को की तिरालिसवीं जनरल कॉन्फ्रेंस में 'वर्ल्ड सिटीज डे' के अवसर पर लखनऊ को 'क्रिएटिव सिटी ऑफ़ गैस्ट्रोनॉमी' घोषित किया गया।

केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि यह सम्मान लखनऊ की वैश्विक पहचान बढ़ाता है। प्रदेश सरकार के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने कहा कि लखनऊ की यह उपलब्धि पर्यटन क्षेत्र की बढ़ती शक्ति और 'विकसित उत्तर प्रदेश' के विजन को साकार करने का प्रमाण है।

लखनऊ के टुंडे कबाबी के मोहम्मद उस्मान ने कहा कि यह लखनऊ ही नहीं पूरे देश के लिए सम्मान की बात है।

***हमें खुशी है कि लखनऊ का जो अना है वह पूरी दुनिया में जो है मशहूर हो रहा है। लखनऊ क्या बल्कि पूरे हिंदुस्तान के लिए ही फक्र की बात है और मैं चाहता हूं कि इसको और अच्छा करूं और अपने मुल्क का भी नाम हो, अपने शहर का भी नाम हो।***

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि पुस्तकें व्यक्ति की सबसे अच्छी मार्गदर्शक होती हैं। डबल इंजन की सरकार राज्यभर में पुस्तकालयों का जाल बिछा रही है। प्रदेश की सत्तावन हजार छः सौ ग्राम पंचायतों में ग्राम सचिवालयों के साथ पुस्तकालय स्थापित किए गए हैं। मुख्यमंत्री कल गोरखपुर के दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित गोरखपुर पुस्तक महोत्सव–2025 का शुभारंभ करने के बाद आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा–

***डबल इंजन की यह सरकार वर्तमान पीढ़ी को प्रेरित करने के लिए पुस्तकालयों की एक नई श्रृंखला खड़ी कर रही है। उत्तर प्रदेश के अंदर 57, 600 से अधिक ग्राम पंचायतें हैं। हर ग्राम पंचायत में ग्राम सचिवालय की स्थापना का कार्य या तो पूरा हो चुका है या लगभग अंतिम उसमें है और जहां पूरा हो चुका है। .***

मुख्यमंत्री ने युवाओं से कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की पुस्तक **एग्जाम वारियर्स** छात्रों के लिए एक उपयोगी मार्गदर्शक है। इसे हर विद्यार्थी को पढ़ना चाहिए। नेशनल बुक ट्रस्ट और गोरखपुर विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित यह पुस्तक मेला नौ नवंबर तक चलेगा।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की उपस्थिति में कल ही गोरखपुर में एक निजी कंपनी के इनोवेशन कैंपस के जरिए दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय और अन्य प्रौद्योगिकी संस्थानों के करीब तेरह सौ छात्र–छात्राओं को प्रमाण पत्र वितरित किए गए। इस अवसर पर श्री योगी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पिछले ग्यारह वर्षों में विकास और जनहित के अनेक कार्यक्रमों के क्रियान्वयन से वैश्विक स्तर पर भारत की मजबूत पहचान स्थापित करने में सफलता मिली है।

***केंद्र और राज्य की सरकार स्वयं का स्टार्टअप स्थापित करने के लिए बहुत सारा सहयोग कर रही है। हमने उत्तर प्रदेश के अंदर 1,000 करोड़ का फंड ऑफ फंड बनाया है जो लड़के जो युवा इस दिशा में कार्य करना चाहते हैं, उनका सपोर्ट करने के लिए उनका सहयोग करने के लिए। इंडस्ट्री और इंस्टीट्यूशन का आपस में सहयोग बने कोलोब्रेशन हो और उसके माध्यम से युवाओं को वहां पर इंटर्नशिप करने का एक अवसर प्राप्त हो।***

**********

प्रदेश भर में कल से यातायात माह की शुरूआत की गयी। यह माह तीस नवंबर तक चलेगा। इस दौरान सभी जिलों में विभिन्न कार्यक्रमों के जरिए लोगों को यातायात नियमों का पालन करने के लिए जागरूक किया जाएगा।

**********

सर्वोच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति बी. आर. गवई ने कहा है कि हमें अपनी मिट्टी से हमेशा जुड़ाव रखना चाहिए। कौशांबी में कल एक इंटर कॉलेज के वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में पहुंचे श्री गवई ने कहा कि यह भगवान महात्मा गौतम बुद्ध की धरती है।

उन्होंने यहां से शांति, करुणा और दया का संदेश दिया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि बच्चे ही इस देश का भविष्य हैं। श्री गवई ने शिक्षकों से आह्वान करते हुए कहा कि यह आप की जिम्मेदारी है कि बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के निर्माण में अपना योगदान दें।

**********

प्रदेश के वन पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन राज्य मंत्री डॉक्टर अरुण कुमार सक्सेना ने कल पीलीभीत टाइगर रिजर्व के नवीन पर्यटन सत्र का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि सरकार पर्यटन के साथ–साथ स्थानीय रोजगार को भी बढ़ावा दे रही है।

***हम लोगों ने 15 दिन पहले इसलिए खोला है, ताकि यहां पर आने वाले जो पर्यटक हैं, उनको आसानी हो। लोगों को ज्यादा समय मिले और साथ ही साथ अगर पर्यटक आएंगे तो आस–पास की जगह की रौनक बढ़ती है। आस–पास के रोजगार बढ़ते हैं।***

**********

नरेंद्र मोदी सरकार ने बाइस सितंबर को वस्तु और सेवाकर– जीएसटी दरों में कटौती के साथ जीएसटी बचत उत्सव की शुरुआत की थी। इससे पूरे देश के नागरिकों को लाभ हुआ। इस कड़ी में प्रस्तुत है अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधार से हस्तशिल्प के क्षेत्र को मिल रहे प्रोत्साहन के बारे में हमारे संवाददाता की रिपोर्ट–

**नए जीएसटी सुधारों के तहत, सरकार ने व्यापारियों, कारीगरों और उपभोक्ताओं पर वित्तीय बोझ कम करने के लिए हस्तशिल्प क्षेत्र में उल्लेखनीय कर कटौती की है। चीनी मिटटी के बर्तनों और मटकों के साथ ही, टेराकोटा और रसोई के बर्तनों, जैसी रोजमर्रा की वस्तुओं पर अब केवल 5 प्रतिशत टैक्स लग रहा है, जो पहले 12 प्रतिशत था। इसी प्रकार, मूर्तियों, सजावटी सिरेमिक वस्तुओं और सजावटी फ्रेम वाले दर्पणों पर जीएसटी की दरें 12 प्रतिशत से घटाकर 5 प्रतिशत कर दी गई हैं। इसके अतिरिक्त, कांच की कलाकृतियों जैसे फूलदान, पूजा के बर्तन और सजावटी वस्तुओं पर अब 12 प्रतिशत के बजाय केवल 5 प्रतिशत जीएसटी लगता है। दृष्टि के साथ, आदर्श, आकाशवाणी समाचार, दिल्ली।**

जीएसटी दरों में बाइस सितंबर से लागू कटौती के बाद इस वर्ष अक्टूबर के कुल सकल वस्तु और सेवा कर –जीएसटी संग्रह में अक्टूबर दो हजार चौबीस की तुलना में चार दशमलव छह प्रतिशत वृद्धि दर्ज हुई।

**********

देवोत्थान एकादशी के अवसर पर कल से अमरोहा के गंगा घाट पर तिगरी गंगा मेले का शुभारंभ हुआ। यह मेला कार्तिक पूर्णिमा के मुख्य स्नान दिवस पांच नवंबर तक चलेगा। मेले के शुभारंभ के अवसर पर गंगा की जलधारा में दुग्धाभिषेक किया गया और तट पर हवन कर अहुतियां प्रदान की गयी। मेले को देखते हुए मुरादाबाद रेल मंडल ने रेलगाड़ियों के ठहराव और संचालन की विशेष व्यवस्था की है। वहां के वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक आदित्य ने बताया कि तीन से छः नवंबर तक बीस ट्रेनों का गढ़मुक्तेश्वर, कांकाठेर सहित पांच स्टेशनों पर ठहराव रहेगा। जबकि मुरादाबाद–गाजियाबाद और दिल्ली–हरिद्वार सहित चार मेला स्पेशल ट्रेने चलेंगी।

**********

देवोत्थान एकादशी के अवसर पर कल वाराणसी के श्री काशी विश्वनाथ मंदिर परिसर स्थित श्री बद्रीनारायण और श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर में पूजन–अर्चन किया गया। इस दौरान ग्यारह अर्चकों द्वारा विष्णु सहस्त्रनाम का पाठ संपन्न हुआ। उधर देवोत्थानी एकादशी के अवसर पर अयोध्या में कल पंचकोसी परिक्रमा भी संपन्न हुई।

**********

वाराणसी में कल गंगा नदी के राजघाट पर काशी गंगा महोत्सव का शुभारंभ हुआ। महोत्सव का उद्‌घाटन प्रदेश के राज्य मंत्री रविन्द्र जायसवाल ने दीप प्रज्जवलित कर के  किया। इस महोत्सव का समापन चार नवंबर को होगा। महोत्सव के दौरान संगीत की सभी विधाओं की प्रस्तुति होगी जिसकी शुरूआत कल पंडित माता प्रसाद मिश्र और पंडित रविशंकर मिश्र के युगल कथक नृत्य से हुई।

**********